## प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात**

**दिनाँक- 19.10.2025**

- **आवेदक के साथ किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन पर फर्जी एस.एम.एस. भेजकर 21,000/- रुपये की साइबर ठगी की गयी।**
- **थाना रसूलाबाद पुलिस (साइबर हेल्प डेस्क) द्वारा कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता के खाते में कुल धनराशि 16,000/- रुपये वापस करायी गयी।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में अपराध निवारण की दिशा में साइबर क्राइम से सम्बन्धित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, शिकायतकर्ता निलेश कुमार पुत्र श्री राम सागर निवासी ग्राम ज्योड़ी, थाना रसूलाबाद, जनपद कानपुर देहात के साथ दिनांक 08.08.2025 को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन पर फर्जी एस.एम.एस. भेजकर यू.पी.आई. के माध्यम से 21,000 रुपये का फ्रॉड कर साइबर धोखाधड़ी की गयी थी। जिसके सम्बन्ध में आवेदक/शिकायतकर्ता द्वारा 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करायी गयी। जिस पर जांच एवं कार्यवाही करते हुए थाना रसूलाबाद पुलिस (साइबर हेल्प डेस्क) द्वारा शिकायतकर्ता के खाते में 16,000/- रुपये की धनराशि वापस करायी गयी। शेष धनराशि की बरामदगी हेतु अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। पुलिस की कार्यवाही से शिकायतकर्ता ने जनपद कानपुर देहात पुलिस का धन्यवाद दिया।

**खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरंत 1930 पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करें।**

**वापस करायी गयी धनराशि-**

**₹ 16,000/-**

**धनराशि वापस कराने वाली टीम-**

थाना रसूलाबाद पुलिस